
aglasem.com



UP BOARD QUESTION PAPER 2024

Download PDF

156 349

2024

लेखाशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

Note : First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

निर्देश : i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) प्रश्न संख्या **1 से 10** तक **बहुविकल्पीय** हैं । प्रश्न संख्या **11 से 20** तक **अति लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग **30** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **21 से 26** तक **लघु उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर **100** शब्दों के अन्तर्गत लिखना है । प्रश्न संख्या **27 से 30** तक **विस्तृत उत्तरीय** हैं, जिन्हें हल करना है ।

iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

Instructions :

i) *All* questions are compulsory.

ii) Question Nos. *1* to *10* are *Multiple Choice Type*. Question Nos. *11* to *20* are *Very Short Answer Type*, which are to be answered within 30 words each. Question Nos. *21* to *26* are *Short Answer Type*, which are to be answered within 100 words each and Question Nos. *27* to *30* are *Long Answer Type*, which are to be solved.

iii) Marks to each question are indicated against it.

(बहुविकल्पीय प्रश्न)
(Multiple Choice Type Questions)

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. एक साझेदारी फर्म का कौन-सा आवश्यक तत्व नहीं है ?

i) न्यूनतम दो साझेदार
ii) सभी साझेदारों के मध्य एक समझौता
iii) लाभ एवं हानि में समान हिस्सा
iv) किसी व्यवसाय के लिए साझेदारी समझौता 1

2. त्याग अनुपात से आशय है

i) नया अनुपात – पुराना अनुपात

ii) पुराना अनुपात – नया अनुपात

iii) पुराना अनुपात – अभिलाभ अनुपात

iv) अभिलाभ अनुपात – पुराना अनुपात 1

3. साझेदारी में एक नया साझेदार प्रवेशित किया जा सकता है

i) किसी एक साझेदार की सहमति से

ii) अधिकांश (बहुसंख्यक) साझेदारों की सहमति से

iii) सभी पुराने साझेदारों की सहमति से

iv) दो-तिहाई पुराने साझेदारों की सहमति से 1

4. एक साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर, ख्याति पूँजी खाते में जमा (क्रेडिट) किया जायेगा

i) अवकाश ग्रहण करनेवाले साझेदार के

ii) शेष साझेदारों के

iii) सभी साझेदारों के

iv) इनमें से कोई नहीं 1

5. एक साझेदारी फर्म के विघटन की दशा में वसूली पर लाभ या हानि को साझेदारों के मध्य वितरित किया जाता है

i) पूँजी अनुपात में

ii) लाभ-विभाजन अनुपात में

iii) समान

iv) इनमें से कोई नहीं 1

6. एक कम्पनी के वास्तविक स्वामी कौन होते हैं ?

i) सरकार

ii) निदेशक मण्डल

iii) समता अंशधारी

iv) ऋणपत्रधारी 1

7. एक ऋणपत्रधारी हक़दार होता है

i) निश्चित लाभांश हेतु ii) लाभों के अंश हेतु

iii) कम्पनी में मताधिकार हेतु iv) एक निश्चित दर से ब्याज हेतु 1

8. कम्पनी की लाभदायकता के विषय में कौन-सा विवरण सूचना उपलब्ध कराता है ?

i) आय विवरण ii) प्रतिधारित आय का विवरण

iii) वित्तीय स्थिति विवरण iv) लागत का विवरण 1

9. ..... ज्ञात करने के लिए चालू अनुपात प्रयोग किया जाता है ।

i) दीर्घकालीन शोधन क्षमता ii) अल्पकालीन शोधन क्षमता

iii) लाभदायकता iv) इनमें से कोई नहीं 1

10. कौन-सा लेखांकन मानक रोकड़ प्रवाह विवरण से सम्बन्धित है ?

i) लेखांकन मानक - 03 ii) लेखांकन मानक - 13

iii) लेखांकन मानक - 23 iv) लेखांकन मानक - 33 1

Select the correct answer and write it in your answer-book :

1. Which is not essential element of a partnership firm ?

i) At least two partners

ii) There is an agreement between all partners

iii) Equal share of profit and loss

iv) Partnership agreement is for some business 1

2. Sacrifice ratio means

i) New Ratio – Old Ratio ii) Old Ratio – New Ratio

iii) Old Ratio – Gaining Ratio iv) Gaining Ratio – Old Ratio 1

3 A new partner may be admitted into a partnership

i) with the consent of any one partner

ii) with the consent of majority of partners

iii) with the consent of all old partners

iv) with the consent of 2/3rd of old partners

4. On retirement of a partner, goodwill will be credited to the capital account of 1

i) Retiring partner

ii) Remaining partners

iii) All partners

iv) None of these

5 On dissolution of a partnership firm, profit or loss on realisation distributed among the partners

i) In capital ratio

ii) In profit sharing ratio

iii) Equally

iv) None of these

6 Who are the real owners of a company ?

i) Government

ii) Board of Directors

iii) Equity shareholders

iv) Debenture holders

7 A debenture holder is entitled to

i) Fixed dividend

ii) Share in profit

iii) Voting rights in the company

iv) Interest at the fixed rate

8. Which statement provides information about the profitability of the company ?

i) Income statement

ii) Statement of Retained earnings

iii) Financial position statement

iv) Statement of cost 1

9. Current ratio is used to find

i) Long term solvency ii) Short term solvency

iii) Profitability iv) None of these 1

10. Which accounting standard is related to cash flow statement ?

i) Accounting standard - 03 ii) Accounting standard-13

iii) Accounting standard-23 iv) Accounting standard-33 1

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Very Short Answer Type Questions)

11. "एक साझेदार के असीमित दायित्व" से क्या अर्थ है ? 2

11. What is meant by "Unlimited liability of a partner" ? 2

12. ऐसे कोई दो अवसर बताइये जब एक साझेदारी फर्म का पुनर्गठन होता है । 2

12. State any two occasions when reconstitution of a partnership firm takes place. 2

13. नवीन साझेदार द्वारा प्राप्त दो प्रमुख अधिकार लिखिए । 2

13. Write two main rights acquired by the new partner. 2

14. कटौती की कोई दो मदें बताइये जिन्हें अवकाश ग्रहण करनेवाले साझेदार को देय धनराशि से घटाया जा सकता है । 2

14. State any two items of deduction that may have to be made from the amount payable to a retiring partner. 2

15. ऐसी दो परिस्थितियाँ बताइए जिनके अन्तर्गत एक साझेदारी फर्म का विघटन हो सकता है । 2

15. Write two circumstances under which a partnership firm is dissolved. 2

16. सूचीबद्ध कम्पनी से क्या आशय है ? 2

16. What is meant by listed company ? 2

17. सहभागी अधिमान अंशों से आपका क्या अर्थ है ? 2

17. What do you mean by participating preference shares ? 2

18. सुरक्षा के आधार पर ऋणपत्रों को वर्गीकृत कीजिये । 2

18. Classify debentures from the point of view of security. 2

19. गैर-चल संपत्ति के कोई दो उदाहरण दीजिये । 2

19. Give any two examples of non-current assets. 2

20. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उद्देश्य बताइये । 2

20. State any two objectives of cash flow statement. 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Type Questions)

21. ऐसे कोई पाँच महत्वपूर्ण बिन्दु बताइये जो एक साझेदारी विलेख में अवश्य सम्मिलित होने चाहिए । 5

21. State any five important points which must be incorporated in a partnership deed. 5

22. अदृश्य ख्याति क्या है ? एक साझेदार के प्रवेश पर इसे कैसे समायोजित किया जाता है ? 2 + 3

22. What is hidden goodwill ? How is it adjusted on the admission of a partner ? 2 + 3

23. फर्म के विघटन और साझेदारी के विघटन के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिये । 5

23. Clarify the difference between dissolution of a firm and dissolution of partnership. 5

24. आरक्षित पूँजी क्या है ? क्या यह 'पूँजी संचय' से भिन्न है ? 2 + 3

24. What is Reserve capital ? Does it differ from 'capital reserve' ? 2 + 3

25. रोकड़ के अतिरिक्त प्रतिफल के बदले में ऋणपत्रों के निर्गमन से क्या आशय है ? 5

25. What is meant by issue of Debentures for consideration other than cash ? 5

26. तुलनात्मक आर्थिक चिट्ठा क्या है ? इसके कोई तीन उद्देश्य बताइए । 2 + 3

26. What is Comparative Balance sheet ? Mention any three objectives of it. 2 + 3

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Type Questions)

27. पी, क्यू और आर फर्म में साझेदार हैं जो 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं । आर अवकाश ग्रहण करता है और उस तिथि पर फर्म का आर्थिक चिट्ठा निम्नवत् था :

आर्थिक चिट्ठा

दायित्व	राशि (रु०)	सम्पत्ति	राशि (रु०)
लेनदार	30,000	रोकड़	8,000
सामान्य संचय	60,000	देनदार	75,000
लाभ-हानि खाता	15,000	स्कंध	90,000
कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय	10,000	संयंत्र	1,40,000
		एकस्व	22,000
पूँजी खाते :			
पी 1,00,000			
क्यू 80,000			
आर 40,000	2,20,000		
	3,35,000		**3,35,000**

यह सहमति हुई कि स्कन्ध को घटाकर रु० 82,000 तक लाया जाये और संयंत्र को रु० 20,000 से घटाया जाये । एकस्व मूल्यहीन पाये गए । कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय के संदर्भ में कोई दायित्व नहीं था ।

अवकाश ग्रहण के समय आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिये । 10

अथवा

पुनर्मूल्यांकन खाते से आपका क्या अर्थ है ? एक साझेदार के प्रवेश पर 'पुनर्मूल्यांकन खाता' तैयार किये जाने के कारण बताइए । 3 + 7

27. *P*, *Q* and *R* are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. *R* retires and the Balance sheet of the firm as on that date was as under :

Balance Sheet

Liabilities	Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Creditors	30,000	Cash	8,000
General Reserve	60,000	Debtors	75,000
P & *L* Account	15,000	Stock	90,000
Workmen's		Plant	1,40,000
Compensation Reserve	10,000	Patents	22,000
Capital Accounts :			
P 1,00,000			
Q 80,000			
R 40,000	2,20,000		
	3,35,000		**3,35,000**

It was agreed that stock is to be brought down to Rs. 82,000 and plant is reduced by Rs. 20,000. Patents were found valueless. There was no liability on account of workmen's compensation reserve.

Record necessary entries at the time of retirement. 10

OR

What do you mean by revaluation account ? Write reasons for the preparation of 'Revaluation Account' on the admission of a partner. 3 + 7

28. आर लि० ने रु० 10 वाले प्रत्येक 20,000 अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जो निम्न प्रकार देय थे :

आवेदन पर रु० 3, आबंटन पर रु० 2, प्रथम याचना पर रु० 2.50 और द्वितीय याचना पर रु० 2.50

जनता ने 30,000 अंशों के लिये आवेदन किया और निम्न प्रकार आबंटन किया गया :

8,000 अंशों के आवेदकों को – पूर्ण

16,000 अंशों के आवेदकों को – 12,000 अंश

6,000 अंशों के आवेदकों को – शून्य

सभी धनराशियाँ देय समय पर प्राप्त हो गयीं ।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिये । 10

अथवा

कम्पनी से क्या आशय है ? इसकी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये । 3 + 7

28. *R* Ltd. invited applications for 20,000 shares of Rs. 10 each payable as follows :

Rs. 3 on application, Rs. 2 on allotment, Rs. 2.50 on first call and Rs. 2.50 on second call.

Public applied for 30,000 shares and the allotments were made as under :

To applicants for 8,000 shares – full

To applicants for 16,000 shares – 12,000 shares

To applicants for 6,000 shares – Nil

All money were duly received. Pass journal entries. 10

OR

What is meant by company ? Explain its characteristics. 3 + 7

29. निम्नलिखित से सकल लाभ अनुपात और शुद्ध लाभ अनुपात की गणना कीजिये : 5

	राशि (रु०)		राशि (रु०)
प्रारम्भिक स्कंध	50,000	विक्रय	2,75,000
क्रय	1,50,000	विक्रय वापसी	25,000
क्रय वापसी	20,000	अंतिम स्कंध	40,000
मजदूरी	10,000		
वेतन	25,000		

अथवा

ऋणपत्र और अंश से आपका क्या अर्थ है ? ऋणपत्र और अंश के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिये । 2 + 2 +

29. Calculate gross profit ratio and net profit ratio from the following : 5 +

	Amount (Rs.)		***Amount (Rs.)***
Opening stock	50,000	Sales	2,75,000
Purchase	1,50,000	Sales Return	25,000
Purchase Return	20,000	Closing stock	40,000
Wages	10,000		
Salary	25,000		

OR

What do you mean by debenture and share ? Explain the differenc between debenture and share. 2 + 2 +

30. जेड लि० की चल सम्पत्तियों और चल दायित्वों की स्थिति निम्नलिखित है :

मदें	मार्च, 2022 (रु०)	मार्च, 2023 (रु०)
संदिग्ध ऋणों हेतु प्रावधान	1,000	—
अल्पकालीन ऋण	10,000	19,000
लेनदार	15,000	10,000
देय विपत्र	20,000	40,000

वर्ष के दौरान कम्पनी को रु० 45,000 की हानि हुई । संचालन क्रियाओं से रोकड़ की गणना कीजिये । 1

अथवा

तुलनात्मक आय विवरण क्या है ? काल्पनिक आँकड़ों की सहायता से तुलनात्मक आय विवरण का एक नमूना दीजिये । 3 +

30. The following is the position of current assets and current liabilities of *Z* Ltd.

Items	***March, 2022 (Rs.)***	***March, 2023 (Rs.)***
Provision for doubtful debts	1,000	—
Short-term loans	10,000	19,000
Creditors	15,000	10,000
Bills payable	20,000	40,000

The company incurred a loss of Rs. 45,000 during the year. Calculate cash from operating activities. 10

OR

What is comparative income statement ? Give a specimen of comparative income statement with the help of imaginary figures. 3 + 7

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers